**Regarding flight services from Kushinagar Airport, Uttar Pradesh- Laid.**

श्री विजय कुमार दूबे **(कुशीनगर) :** हमारा कुशीनगर देश के अंतिम छोर, नेपाल और बिहार से सटा हुआ बहुत ही महत्वपूर्ण व पर्यटन के दृष्टिगत एक ऐतिहासिक स्थल है जहाँ महात्मा बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ था । यहाँ सभी बौद्ध देशों से पर्यटको का आवागमन है, इस कारण से यह एक अंतराष्ट्रीय पर्यटन स्थल भी है जहाँ विश्व भर के बौद्ध तीर्थ यात्री दर्शन के लिए आते है । कुशीनगर मे अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे की शुरुआत हुई, जिससे कि कुशीनगर और आसपास के जिले के निवासियों के साथ साथ दूर से आने जाने वाले पर्यटकों को भी काफ़ी सुविधा मिलने लगी. परन्तु, शुरुआत से सिर्फ एक ही एयरलाइन्स स्पाइसजेट की फ्लाइट चलती थी । धीरे धीरे कुछ दिनों के बाद वह भी अनियमित होने लगी । अक्सर यह फ्लाइट कैंसिल होने लगी जिसके कारण से यात्रियों के मन में आशंका उत्पन्न होने लगी । मै माननीय मंत्री ज़ी से आग्रह करता हूँ कि कुशीनगर एयरपोर्ट से अन्य एयरलाइन्स कम्पनी की फ्लाइट की शुरुआत देश के अन्य शहरों लिए करने की कृपा की जाए | इस से कुशीनगर जिले के लोगो को एवं बौद्ध तीर्थ यात्रियों को देश विदेश आने जाने के लिए काफी सुविधा मिल जाएगी ।